Building Better Tomorrow

# कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय
## बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0
नगर विकास प्रमंडल, सिवान + गोपालगंज, सिवान

पत्रांकः—212 (S) दिनांकः—16.07.2021

## सूचना

**विषय :—** **गोपालगंज शवदाह गृह (लकड़ी एवं बिजली संचालित) हेतु प्राप्त की गई निविदा के मूल्यांकन के संबंध में।**

मुख्य अभियंता नमामि गंगे परियोजना, बुडको, पटना के पत्रांक—5137 दिनांक—15.07.2021 द्वारा दिनांक—30.06.2021 को आयोजित निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही एवं पत्रों की प्रति को बुडको एवं E-proc के Website पर सात दिनों के लिए Upload करने हेतु एवं उक्त अवधि में परिवाद यदि कोई हो, तो उसके आलोक में अग्रतर कारवाई करने का निदेश दिया गया है।

अतः उपरोक्त के आलोक में निविदाकार द्वारा दिनांक—24.07.2021 के अपराहन् 03:00 बजे तक आपत्ति/परिवाद पत्र Upload किया जा सकता है। तत्पश्चात् किसी आपत्ति/परिवाद पर विचार नही किया जाएगा।

विश्वासभाजन

16/7/21

**कार्यपालक अभियंता,**
बुडको, सिवान+गोपालगंज,
नगर विकास प्रमंडल, सिवान।

# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि० 

( बिहार सरकार का उपक्रम )

राजापुर पुल के पास, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना।

पत्रांक – 5074

दिनांक – 14/07/21

सेवा में,

**मुख्य अभियंता,**
नमामि गंगे परियोजना,
बुडको।

AE(NMCG)
14/07/2021

**विषयः– गोपालगंज शवदाह गृह (लकड़ी एवं बिजली संचालित) हेतु प्राप्त की गयी निविदा के मूल्यांकन के संबंध में।**

प्रसंगः– SPMG का पत्रांक 265, दिनांक 07.07.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि गोपालगंज शवदाह गृह (लकड़ी एवं बिजली संचालित) योजना हेतु प्राप्त निविदा के संबंध में दिनांक 30.06.2021 को आयोजित निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही में लिये गये निर्णय का अनुमोदन SPMG द्वारा प्रासंगिक पत्र द्वारा किया गया है।

SPMG के पत्र में निदेश है कि निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही को बुडको एवं E-proc के वेबसाईट पर सात दिनों के लिए अपलोड किया जाय एवं उक्त अवधि में प्राप्त परिवाद, यदि कोई हो, का निराकरण करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

साथ ही इस निविदा के असफल निविदाकार M/s Gupta Construction के द्वारा Blacklisting से संबंधित भी एक पत्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है।

उपरोक्त दोनों पत्रों की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न करते हुए अनुरोध है कि निविदा के संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाइ की जाय।

अनुलग्नक – यथोक्त।

विश्वासभाजन,

13/07/2021

**मुख्य अभियंता,**
आयोजन, निरूपण एवं अनुश्रवण,
न० वि० एवं आ० वि० (बुडको)।

[illegible]

बिहार सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

**बिहार राज्य गंगा नदी संरक्षण कार्यक्रम प्रबंधन सोसाइटी (BGCMS)**

अरविन्द कुमार झा
संयुक्त सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग
–सह–
नोडल पदाधिकारी
राज्य परियोजना प्रबंधन समूह, बिहार।

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
बुडको, पटना।

पटना, दिनांक– 07/07/2021

विषय : "नमामि गंगे कार्यक्रम" के अन्तर्गत गोपालगंज शवदाह गृह (लकड़ी एवं बिजली संचालित) योजना हेतु प्राप्त निविदा (सं0-BUIDCo/Yo-01/2020-21-02 दिनांक–13.11.2020) के निविदा मूल्यांकन के संबंध में।

प्रसंग : बुडको का पत्रांक–BUIDCo/Yo-783/20-4792 दिनांक 03.07.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र से Development of Ghats in Gopalganj, Wooden Crematoria & Caretakers Room and Electric Crematorium (Part-A Schedule Items and Part-B Non Schedule Items) कार्य के लिए आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर निविदा समिति का निर्णय सूचित किया गया है।

2. उक्त निविदा में 02 निविदादाताओं यथा, (i) M/s Baban Kumar Sinha (ii) M/s Gupta Construction द्वारा निविदा दी गयी।

3. बुडको के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निविदा समीक्षोपरांत दिनांक–30.06.2021 को बुडको के निविदा समिति द्वारा निविदादाता M/s Baban Kumar Sinha को निविदा कंडिका Registration, SBD Clause 4.5A (a) Turn over, Clause 4.5A (b) Similar Nature Work Experience, Clause 4.5A (c) Minimum Quality Execution of Similar Nature Work, Bid Capacity, EMD एवं Affidavits की अहर्त्ता को पूरा करने के कारण तकनीकी बीड में सफल एवं निविदादाता M/s Gupta Construction को उक्त अहर्त्ताओं (Clause 4.5A (b) छोड़कर) को पूरा करने परन्तु 4.5A (b) अहर्त्ता संबंधित प्रमाण पत्र को सत्यापन में फर्जी पाये जाने के कारण उनके तकनीकी बीड में असफल पाये जाने का निर्णय लिया गया है।

4. तकनीकी बीड मूल्यांकन पर मुख्य अभियंता, एन.एम.सी.जी. का भी निविदादाता M/s Baban Kumar Sinha को तकनीकी बीड में सफल एवं M/s Gupta Construction को फर्जी अभिलेख के कारण तकनीकी बीड में असफल पाये जाने की अनुशंसा किये जाने का ससूचन है।

5. उक्त के आलोक में दो निविदादाताओं में से मात्र एक निविदादाता M/s Baban Kumar Sinha को तकनीकी बीड में सफल होने के बुडको के निविदा समिति के निर्णय से SPMG सहमत है।

6. अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि बैठक की कार्यवाही को बुडको एवं E-proc के Website पर सात दिनों के लिए Upload कराया जाय एवं उक्त अवधि में प्राप्त परिवाद, यदि कोई हो, का निराकरण करते हुए अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

संयुक्त सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
–सह–
नोडल पदाधिकारी,
राज्य परियोजना प्रबंधन समूह, बिहार।

# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0 (बुडको)

पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना।

दिनांक 30.06.2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे **Development of Ghats in Gopalganj, Wooden Crematoria & Caretakers Room and Electric Crematorium (Part-A - Schedule items and Part-B -Non Schedule items)** कार्य से संबंधित प्राप्त तकनीकी निविदा पर **Technical Bid Evaluation Committee** की अनुशंसा के आलोक में निर्णय लेने हेतु निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति :–

1. **प्रबंध निदेशक–सह–अध्यक्ष–निविदा समिति।**
2. अभियंता–प्रमुख, नगर विकास एवं आवास विभाग–सह–सदस्य–निविदा समिति।
3. आंतरिक वित्तीय सलाहकार, नगर विकास एवं आवास विभाग–सह–सदस्य–निविदा समिति।
4. मुख्य अभियंता, आयोजन, निरूपण एवं अनुश्रवण–सह–सदस्य–निविदा समिति।
5. अधीक्षण अभियंता, आयोजन, निरूपण एवं अनुश्रवण–सह–सदस्य–निविदा समिति।
6. अधीक्षण अभियंता, नगर विकास अंचल, सारण–सह–सदस्य–निविदा समिति।
7. श्री जयप्रकाश अग्रवाल, SPMG प्रतिनिधि, विशेष आमंत्रित सदस्य।

**कार्यवाही:–**

मुख्य अभियंता, आयोजन, निरूपण एवं अनुश्रवण द्वारा बताया गया कि नमामि गंगे योजना अन्तर्गत गोपालगंज शवदाह गृह (लकड़ी एवं बिजली संचालित) हेतु कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल, गोपालगंज+सीवान द्वारा प्रकाशित पुनर्निविदा संख्या BUIDCo/Yo-01/2020-21-02 में प्राप्त निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय पहलूओं की जाँचोपरान्त निम्नवत स्थिति है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1.1 | कार्य का नाम | : | Development of Ghats in Gopalganj, Wooden Crematoria & Caretakers Room and Electric Crematorium (Part-A - Schedule items and Part-B -Non Schedule items) |
| 1.2 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं कार्यालय का नाम | : | कार्यपालक अभियंता (सीवान+गोपालगंज), बुडको। |
| 1.3 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | **रू0–3.45 करोड़, NMCG का पत्र संख्या– Pr-16/5/2019-Oo Director Projects, दिनांक–06.05.2020** |
| 1.4 | परिमाण विपत्र की राशि | : | **105.23 लाख (As per Schedule Rate Part-A)** |
| 1.5 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 12 महीना |
| 1.6 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई.टेंडरिंग |
| 1.7 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 07.12.2020 |
| 1.8 | पी0आर0डी0 नं0 / वर्ष | : | IPRD_PR_008418/20-21 |
| 1.9 | निविदाकारों की संख्या | : | 2 (दो)<br>1. Baban Kumar Singh<br>2. M/s Gupta Construction |
| 1.10 | परिवाद की स्थिति | : | कार्यपालक अभियंता द्वारा सूचित किया गया कि इस निविदा के संबंध में कोई परिवाद प्राप्त नहीं हुआ। |
| 1.11 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | हाँ। प्रथम निविदा में कोई भी निविदाकार सफल नहीं पाये गये। |

2. **निविदा सूचना का प्रकाशन –**

है जिसमें M/s Baban Kumar Singh द्वारा sub contractor के रूप में वर्णित कार्य पूर्ण करने का उल्लेख है। जिसको Executive Engineer Raypur Smart City द्वारा certify किया गया है।

M/s Gupta Construction SBD के Clause 4.5(A) (b) के संदर्भ में National Projects Construction Corporation Limited द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया है, जिसमें कार्य का नाम "Construction of New Ghats & Crematorium in the stretch from Sahibang to Rajmahal in Sahibganj Jharkhand अंकित है, जिसका Contract Value रू०– 10,83,89,365.00 है।

(2) **Baban Kumar Singh** SBD के 4.5 (d) ITB के Clause के अनुसार "The contractors as his identified sub-contractors should possess required valid electrical license issued by Secretary License Board, GOB of Bihar Executing the Parks lighting work and should hand executed and commissioning one high mast light as electrical works in any last seven years के तहत् M/s Baban Kumar Singh द्वारा अपने नाम से Electrical License समर्पित किया गया है। साथ ही 02 Nos.of Supply Installation of High Mast Light in fish Market Campus, Shalimar Road का अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित किया गया है।

**M/s Gupta Construction** द्वारा अपने नाम से Electric License समर्पित नहीं किया गया है, उनके द्वारा Jagat Narayan Rai के नाम से Holder Supervisor License समर्पित किया गया है। उक्त संदर्भ में Jagat Narayan Rai द्वारा शपथ–पत्र दिया गया है कि वो M/s Gupta Construction के साथ काम करते है एवं इनका Electrical Work भी देखते है। साथ ही M/s Gupta Construction द्वारा शपथ–पत्र समर्पित किया गया है कि Jagat Narayan Rai उनके सभी Electrical Work कराते है।

- M/s Gupta Construction द्वारा Specific Experience के तहत् High Mast Light से संबंधित खुद का Experience नहीं समर्पित किया गया है। उनके द्वारा समर्पित Experience Jagat Narayan Rai के नाम का है, जो कि निजी संस्था Jay Shree Fertilisers & Chemical द्वारा निर्गत किया गया है।

(3) M/s Gupta Construction द्वारा समर्पित Jharkhand Police Housing Corporation Ltd. के अनुभव प्रमाण–पत्र के सत्यापन के संदर्भ में कार्यपालक अभियंता ने अपने पत्रांक–72 (WE) दिनांक–25.01.2021 द्वारा अनुभव प्रमाण–पत्र को सही नहीं बताया गया है एवं पत्र में Content of Letter has not issued from this office अंकित किया है।

इस Verification Letter के संदर्भ में M/s Gupta Construction द्वारा भी Jharkhand Police Housing Corporation Ltd. (JPHCL) का Letter समर्पित किया गया है।

उक्त पत्र के Copy to M/s Gupta Construction में "It is to inform you that the work done certificate" Construction of transit accommodation of JAP-1 Dorenda in the dist. of Ranchi "vide this office letter no-339 dated 14.06.2019 has been amendment as per finding record. It is being hereby also enclosed fresh issued the revised work done certificate due to reconciliation of executed measurement vide same this office letter no. 339 dated 14.06.2019 for further necessary action against cited subject. This is for information & needful please mention है।

- इस पत्र के संदर्भ में M/s Gupta Construction द्वारा समर्पित पत्र में प्रतिवेदित है कि "Jharkhand Police Housing Corporation Ltd. (JPHCL) had not informed to undersigned about amendment of work done certificate and did not provide fresh revised work done certificate issued by Jharkhand Police Housing Corporation Ltd. (JPHCL) vide letter no-339 dated 14.06.2019 before above submission of bid.

उक्त पत्र के सम्पुष्टि हेतु EE (JPHCL) को पत्र भेजा गया, जिसपर कार्यपालक अभियंता JPHCL द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि पत्र उनके द्वारा निर्गत नहीं किया गया है।

आवास विभाग, गोपालगंज-सीवान के मुख्य अभियंता, एन० एम० सी० जी० द्वारा दिनांक 09.06.2021 की बैठक की कार्यवाही में निदेशित किया गया है।

कार्यपालक अभियंता, सीवान-गोपालगंज के पत्रांक 185 (S) दिनांक 25.06.2021 द्वारा M/s Gupta Construction से स्पष्टीकरण एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने का निदेश दिया गया है जिसमें अंकित है कि *"गलत दस्तावेज समर्पित करने के कारण बिहार ठेकेदार नियमावली के आलोक में क्यों नहीं आपको कालीकृत (Blacklisted) करने की कार्रवाई की जाय।"*

पुनर्निविदा में तकनीकी बीड में एक निविदाकार के सफल होने के फलस्वरूप तकनीकी बीड पर निर्णय लेने हेतु निविदा समिति से अनुशंसा की जाती है।

**निविदा समिति की अनुशंसा –**

TBEC की उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में एकल निविदा पर निर्णय हेतु निविदा समिति की बैठक दिनांक 30.06.2021 को आयोजित की गयी। निविदा समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्न निर्णय लिया गया।

1. M/s Baban Kumar Singh की निविदा तकनीकी रूप से सफल पायी जाती है।
2. M/s Gupta Construction द्वारा निविदा के साथ गलत कागजात समर्पित किये जाने के कारण इनकी निविदा तकनीकी रूप से असफल पायी जाती है।
3. निविदा समिति द्वारा लिये गये निर्णय पर SPMG/NMCG से अनुमोदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।
4. निविदा समिति द्वारा पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि SPMG/NMCG से अनुमोदनोपरान्त बैठक की कार्यवाही एवं TBEC की दिनांक 17.06.2021 की कार्यवाही को बुडको एवं e-proc के वेबसाईट पर अपलोड किया जायेगा, ताकि किसी व्यक्ति/संस्था द्वारा तकनीकी मूल्यांकन पर कोई दावा आपत्ति है तो वह अगले 7 (सात) दिनों के अंदर दावा आपत्ति समर्पित करेंगे। यदि आपत्ति प्राप्त होती है तो मुख्य अभियंता, आयोजन, निरूपण एवं अनुश्रवण प्राप्त परिवाद के निराकरण के संबंध में TBEC की बैठक आहूत करेंगे एवं अनुशंसा के साथ पुनः विचार एवं अन्तिम निर्णय हेतु निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। निर्धारित अवधि तक दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर M/s Baban Kumar Singh की वित्तीय निविदा खोलने के उपरान्त पुनः अनुमोदन हेतु निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करेंगे।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(श्री जयप्रकाश अग्रवाल)
SPMG प्रतिनिधि
विशेष आमंत्रित सदस्य।

(शत्रुघ्न शरण सिन्हा)
अधीक्षण अभियंता,
नगर विकास अंचल सारण,
–सह–सदस्य, निविदा समिति।

(अशोक कुमार)
मुख्य अभियंता–सह–अधीक्षण अभियंता
आयोजन, निरूपण एवं अनुश्रवण
–सह–सदस्य, निविदा समिति।

(जय प्रकाश मंडल)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार
–सह–सदस्य, निविदा समिति।

(नरेन्द्र कुमार तिवारी)
अभियंता प्रमुख,
नगर विकास एवं आवास विभाग
–सह–सदस्य, निविदा समिति।

(रमण कुमार)
प्रबंध निदेशक,
–सह–अध्यक्ष, निविदा समिति।